# UNIVERSITY NEWS 03 MAY 2026

## DAINIK JAGRAN

### लखनऊ विश्वविद्यालय में पार्ट टाइम एमटेक में प्रवेश को आवेदन शुरू

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय में संचालित पार्ट टाइम एमटेक पाठ्यक्रम में नए सत्र 2026-27 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। नौकरीपेशा वाले अभ्यर्थी लवि की वेबसाइट पर समर्थ पोर्टल के माध्यम से आवेदन सकते हैं। इसके लिए 15 जून तक समय दिया गया है। विश्वविद्यालय ने अपनी वेबसाइट पर इसका नोटिफिकेशन जारी किया। सामान्य, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस वर्ग के अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क 1900 रुपये देना होगा।

वहीं, एससी और एसटी अभ्यर्थियों के लिए 950 रुपये तय किया गया है। इस पाठ्यक्रम की प्रति सेमेस्टर फीस 40 हजार रुपये प्रति सेमेस्टर है। इसमें प्रवेश के लिए उम्र की कोई सीमा नहीं रखी गई है। पाठ्यक्रम में साक्षात्कार के आधार पर होगा। प्रवेश के लिए संबंधित कंपनी से अभ्यर्थियों को एनओसी लाना अनिवार्य है।




#### पांच स्ट्रीम की कुल 100 सीटों के लिए करें आवेदन

- कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (एआइ)- 20 सीट
- कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (साइबर सिक्योरिटी)- 20 सीट
- इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग- 20 सीट
- इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग पावर सिस्टम- 20 सीट
- मैकेनिकल इंजीनियरिंग इंडस्ट्रियल एंड प्रोडक्शन इंजीनियरिंग- 20 सीट

#### मौखिक परीक्षा 12 को

**लखनऊ** : लवि के बी .काम छठे सेमेस्टर रेगुलर एवं सेल्फ फाइनेंस छूटे हुए विद्यार्थियों की मौखिक परीक्षा 12 मई को दोपहर एक से तीन बजे तक आयोजित होगी। अधिष्ठाता प्रोफेसर अर्चना सिंह ने बताया कि विद्यार्थी वाणिज्य संकाय के ओल्ड ब्लाक स्थित अधिष्ठाता कक्ष में उपस्थित हों। बि.

## NBT

### कानूनी चर्चा में उज्ज्वल और विदूषी बने विजेता



**NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय न्यू कैंपस मे विधि संकाय के प्रो बोनो क्लब की ओर से शनिवार को राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमे देश भर के लॉ विवि व संस्थानो की टीमो ने प्रतिभाग कर अपने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। कुल 36 टीमो मे दिल्ली के फरेंसिक इंस्टिट्यूट के उज्ज्वल सिंह व विदूषी को विजेता के खिताब से नवाजा गया। न्याय तक पहुंच की पुनर्कल्पना विषय पर टीम ने अपनी प्रेजेंटेशन दी थी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय (लखनऊ पीठ) के न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी ने विजेता टीम को सम्मानित किया। मौके पर उन्होंने कहा कि कानूनी नैतिकता के साथ न्याय तक सभी की सुलभ पहुंच ही न्यायिक प्रणाली का उद्देश्य है। इसमे युवा कानूनविदो की भूमिका सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम मे एडवोकेट सौरभ सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता अनूप त्रिवेदी व अधिवक्ता प्रीतिश कुमार मौजूद रहे।


## NBT

### LU का कंपनियों को 'अल्टीमेटम' 7 दिन में देना होगा ऑफर लेटर

Zeeshan.Rayini
@timesofindia.com

**लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय (एलयू) के छात्र अब प्लेसमेंट के नाम पर कंपनियों के चक्कर नहीं काटेंगे। यूनिवर्सिटी ने पहली बार अपनी **'प्लेसमेंट पॉलिसी'** तैयार की है, जिसके तहत कंपनियों की मनमानी पर ब्रेक लगा दिया गया है। अब एलयू कैंपस आने वाली कंपनियों को इंटरव्यू के **7 दिनों के भीतर** सिलेक्टेड छात्रों को ऑफर लेटर थमाना होगा। साथ ही, अब कंपनियां छात्रों को सीधे बुलाने के बजाय केवल 'सेंट्रल प्लेसमेंट सेल' के जरिए ही संवाद कर सकेंगी।

LU की शर्तों पर होगा कंपनियो मे प्लेसमेंट



प्लेसमेंट पॉलिसी से अब रिक्रूटमेंट की प्रक्रिया पारदर्शी और बेहतर होगी। छात्रो को बेहतर मौके मिलेंगे और कंपनियो के लिए भी नियम स्पष्ट रहेंगे।
-प्रो. अनूप कुमार भारतीय, निदेशक, प्लेसमेंट सेल

**NBT Lens** खबरों के अंदर की बात

#### क्यों पड़ी नई पॉलिसी की जरूरत?

**अब तक** विवि मे कोई लिखित नीति न होने से कंपनिया अपने हिसाब से रिक्रूटमेंट करती थी। इंटरव्यू के महीनो बाद तक छात्रो को पता नही चलता था कि उन्हे नौकरी मिली या नही। कई बार जॉब रोल और पद को लेकर भी स्पष्टता नही रहती थी। नई गाइडलाइन से यह सब बदल जाएगा। इंटरव्यू से पहले कंपनी को जॉब रोल और अपनी प्रोफाइल के बारे मे विस्तार से बताना होगा। भविष्य की जरूरतो और अनिश्चितता को देखते हुए कंपनियो को अब वेटिंग लिस्ट भी जारी करनी होगी। चयन प्रक्रिया मे जाति, धर्म, वर्ग या लिंग के आधार पर किसी भी तरह का भेदभाव प्रतिबंधित रहेगा। अगर एक छात्र का चयन हो जाता है, तो वह दूसरी कंपनी की ड्राइव मे तभी बैठ पाएगा जब वहा का पैकेज या प्रोफाइल पहले वाली कंपनी से बेहतर हो। प्लेसमेंट सेल मे रजिस्ट्रेशन और प्री-प्लेसमेंट टॉक मे शामिल होना जरूरी होगा। अनुशासनहीनता करने वाले छात्रो को सीधे प्लेसमेंट प्रक्रिया से बाहर (डिबार) कर दिया जाएगा।

## HINDUSTAN

### पार्ट टाइम एमटेक में प्रवेश के आवेदन शुरू

**लखनऊ।** एलयू में नौकरीशुदा के लिए संचालित पार्ट टाइम एमटेक पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए आवेदन की शुरुआत हो गई है। प्रवेश प्रक्रिया के तहत इच्छुक अभ्यर्थी एलयू की वेबसाइट पर समर्थ पोर्टल से 15 जून तक आवेदन कर सकते हैं। सामान्य, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस को आवेदन शुल्क 1900 रुपये देना होगा। एससी और एसटी के लिए 950 तय है।

प्रवक्ता प्रोफेसर मुकुल श्रीवास्तव का कहना है कि एलयू के तीन वर्षीय पार्ट टाइम एमटेक पाठ्यक्रम की डिमांड बढ़ती जा रही है।

## AMAR UJALA

### पार्ट टाइम में एमटेक के लिए आवेदन शुरू

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में नौकरीपेशा व्यक्तियों के लिए पार्ट टाइम एमटेक पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए आवेदन शुरू हो चुके हैं। इच्छुक अभ्यर्थी शैक्षिक सत्र 2026-27 के तहत 15 जून तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन लविवि की वेबसाइट lkouniv.ac.in पर समर्थ पोर्टल के लिंक पर जाकर किया जा सकता है। सामान्य, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस वर्ग के अभ्यर्थियों को 1900 रुपये आवेदन शुल्क देना होगा। वहीं, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए यह शुल्क 950 रुपये निर्धारित किया गया है। विवि के प्रवक्ता डॉ. मुकुल श्रीवास्तव ने बताया कि 100 सीटों पर दाखिले की प्रक्रिया लिखित परीक्षा और साक्षात्कार में प्राप्त मेरिट के आधार पर पूरी की जाएगी। (संवाद)

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी सम्मानित

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय में प्रो. बोनो क्लब की ओर से 'न्याय तक पहुंच की पुनर्कल्पनाः वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र और प्रो. बोनो विधिक सेवाओं की भूमिका' विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन शनिवार को आयोजित किया गया। इस दौरान शोध कार्यों की सराहना करते हुए 36 टीमों में से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी दिल्ली के उज्ज्वल सिंह और विदुषी चित्रावंशी को भी सम्मानित किया गया। प्रो. आलोक कुमार यादव ने वर्तमान कानूनी व्यवस्था की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। इलाहाबाद उच्च न्यायालय (लखनऊ पीठ) के न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी ने न्याय तक सुलभ पहुंच, कानूनी नैतिकता और युवा कानूनविदों की जिम्मेदारियों को रेखांकित किया। डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के कुलपति अमर पाल सिंह, प्रदेश के अपर महाधिवक्ता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता अनूप त्रिवेदी, प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिवक्ता व अपर महाधिवक्ता प्रीतिश कुमार ने भाग लिया। (संवाद)

## I NEXT

### छूटे स्टूडेंट्स के एग्जाम 12 को

**LUCKNOW:** लखनऊ विश्वविद्यालय के बीकाम छठे सेमेस्टर रेगुलर एवं सेल्फ फाइनेंस छूटे हुए स्टूडेंट्स के मौखिक एग्जाम 12 मई को दोपहर एक से तीन बजे तक होंगे. स्टूडेंट्स को वाणिज्य संकाय के ओल्ड ब्लाक स्थित अधिष्ठाता कक्ष में समय से उपस्थित होने के लिए कहा गया है. अधिष्ठाता प्रोफेसर अर्चना सिंह ने इसकी सूचना जारी की है.

## I NEXT

### प्रैक्टिकल एग्जाम की डेट जारी

लखनऊ विश्वविद्यालय का कंप्यूटर साइंस विभाग बीएससी सम सेमेस्टर के प्रैक्टिकल एग्जाम 11 से 16 तक आयोजित करेगा. इसकी सूचना जारी की गई. इसका समय सुबह 10 से शाम चार बजे तक रहेगा. विस्तृत समय सारिणी विश्वविद्यालय की वेबाइट पर अपलोड की गई है.

## HINDUSTAN

### पोस्टर प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षाशास्त्र विभाग में सामुदायिक सहभागिता एवं सौंदर्यीकरण अभियान आयोजित हुआ। विभागाध्यक्ष प्रो. श्रवण कुमार की अगुवाई में डॉ. किरण लता डंगवाल, डॉ. हेमेन्द्र कुमार और डॉ. पूनम श्रीवास्तव के निर्देशन में कार्यक्रम चला। सेमिनार हॉल में ओरिएंटेशन के बाद पोस्टर प्रतियोगिता हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर प्रस्तुति दी।